Swadesh, Indore, Sep 05 2012

टीसीएस आईटी विज 2012

सेंटपॉल स्कूल बना चैम्पियन

नेशनल फाइनल्स में विजेता इंदौर का प्रतिनिधित्व करेंगे

इंदौर। डीएवीवी यूनिवर्सिटी परिसर खंडवा रोड स्थित यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम में मंगलवार को इंटर स्कूल क्विज टीसीएस आईटी विज के इंदौर संस्करण के शुभारंभ पर प्रतिसाद मिला, टाटा कंसलटेंसी द्वारा आयोजित तथा स्थापित टीसीएस विज २०१२ में इंदौर के विभिन्न स्कूलों के १००० से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया।

प्राथमिक राउण्ड और उसके बाद कुछ कठिन तथा गहन अंतिम राउण्ड में जबर्दस्त मुकाबले के बीच सेंट पॉल हायर सेकण्डरी स्कूल के पंकज मनचंदा तथा प्रत्युष समल ने विजेता ट्राफी और गैलेक्सी नोट जीता था तथा एटोमिक एनर्जी सेंट्रल स्कूल के अभिषेक नाईक तथा पलाश अग्रवाल ने उपविजेता के रूप में उपविजेता की ट्राफी के साथ गैलेक्सी टेब जीतने में सफलता पाई। इस क्विज को ख्याति प्राप्त क्विज मास्टर पिकब्रेन गिरिबालासुब्रमणियम ने होस्ट किया था। पुरस्कार अतिथि डायरेक्टर, डायरेक्टोरेट ऑफ डिंस्टेंस एजुकेशन, यूनविर्सिटी ऑफ इंदौर, डीएवीवी डॉ. जयंत सोनवालकर और एमपी ऑनलाइन के सीओओ प्रमोद भार्गव के द्वारा वितरित किए।

आईटी विज के रीजनल राउण्ड १४ शहरों-हैदराबाद, अहमदाबाद, कोलकाता, बेंगलूर, चेन्नई, कोयम्बटूर, पुणे, नागपुर, इंदौर, भुवनेश्वर, कोच्चि, लखनऊ, मुंबई और दिल्ली पर आयोजित किए जा रहे हैं। इन रीजनल राउण्डस के बाद दिसम्बर में नेशनल फाइनल्स आयोजित किया जाएगा जिसमें १४ शहरों की विजेता टीमों के साथ यूनाइटेड अरब अमीरात के विजेता टीसीएस आईटी विज नेशनल चैम्पियनशिप टाइटल के लिए भिड़ेंगे। विजेताओं को हाई टी में टीसीएस के सीईओ एन. चंद्रशेकरन के साथ चर्चा करने का अवसर भी मिलेगा। टीसीएस आईटी विज में आठवीं से बारहवीं तक के सभी स्कूली छात्रों के लिए निःशुल्क प्रवेश खुला था।